2 शो पीस बने नल जल कनेक्शन, ग्रामीण परेशान



## खबर संक्षेप

### मैनपाट महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ, कलेक्टर ने लिया जायजा

**अंबिकापुर।** सरगुजा में इस बार मैनपाट महोत्सव 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मैनपाट महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने बुधवार को मैनपाट महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आगामी 13, 14 एवं 15 फरवरी को रोपाखार जलाशय के समीप आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण, मंच व्यवस्था, साज-सज्जा, ग्रीन रूम की जानकारी ली तथा हेलीपैड स्थल, मेला स्थल, विभागीय स्टॉल स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य अतिथियों, वीआईपी, वीवीआईपी, मीडिया तथा आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने रूट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन, सुरक्षा आदि की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो, पूरे आयोजन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहे। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में सभी तैयारियां पूरी करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, एसडीएम श्री रामसिंह ठाकुर सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** युवती ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक पी ली। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी मुस्कान आ. गिरिजा शंकर (16 वर्ष) 2 जनवरी को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन युवती को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चाल लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारायण ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामनाथ सबरिया पिता छोटेबाबू सबरिया द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर फरार हो गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान 1 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोडसरा में रामनाथ सबरिया अपने रिश्तेदारी में छिपा है। ग्राम बोड्सरा शराब भट्ठी के आगे दाहिने तरफ खण्डहरनुमा मकान में रामनाथ होना पाया। आरोपी को आत्मसमर्पण के लिये बार-बार चेतावनी भी दी गई परंतु आरोपी द्वारा चेतावनी को नजर अंदाज करते हुए इन लोगो को देखकर अपने हाथ में रखे देशी कट्टा को तान दिया। ऊपर फायर कर दिया जिससे ये लोग बाल-बाल बच गये। गोली निरीक्षक के सिर के उपर से गुजरी जिससे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव विवश होकर बल का प्रयोग किया। मामले में आरोपी रामनाथ सबरिया को गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## पत्नी और प्रेमी ने मिलकर बनाई रास्ते से हटाने की योजना

# अवैध संबंध बना प्रधान आरक्षक के कत्ल की वजह, प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर/बलरामपुर

सेंदुर नदी में मिले शव के मामले में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता हासिल की है। मृतक छग सशस्त्र बल में प्रधान आरक्षक था। प्रधान आरक्षक की हत्या उसकी दूसरी पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। उम्र में 20 साल छोटी पत्नी ने हत्या की योजना बनाई और फिर प्रेमी ने वारदात को अंजाम दिया। अवैध संबंध के कारण शुरू हुआ विवाद प्रधान आरक्षक की हत्या की मुख्य वजह बना। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और प्रकरण की जांच चल रही है।

■ खुरपी से वार कर उतारा मौत के घाट, रेत में मिला था मृतक का शव

बता दें कि 29 जनवरी की देर शाम बलरामपुर कोतवाली थाना अंतर्गत सतिसेमर सेंदुर नदी में रेत के नीचे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव सड़ी गली अवस्था में था। सूचना मिलने के बाद 30 जनवरी की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे थे। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट के कारण मौत की पुष्टि हुई। इसके साथ ही पुलिस ने मृतक की पहचान मूलतः रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना अंतर्गत ग्राम सलियापारा निवासी 51 वर्षीय विश्वनाथ केरकेट्टा आ. स्व.लोहार ⏭ शेष पेज 2 पर





### पत्नी ने भी कर ली दूसरी शादी

मृतक विश्वनाथ जगदलपुर में पदस्थ था इसी दौरान आरोपी क्लॉस्टिका केरकेट्टा की वर्ष 2023 में चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बेलकुन्दरी निवासी विवेक टोप्पो आ. स्व. प्रफुल्ल टोप्पो से फेसबुक के माध्यम से जान पहचान हुई जिसके बाद दोनों के बीच नजदीकी बढ़ गई। क्लॉस्टिका व विवेक के बीच प्रेम संबंध स्थापित हुआ जिसके बाद दोनों ने छिपकर तातापानी मंदिर में शादी कर ली थी। रायपुर में शिफ्ट होने के बाद भी दोनो के बीच में बात होती थिया उर सम्बन्ध स्थापित था। इस बात की जानकारी मृतक विश्वनाथ को भी थी। चूंकि विवेक भी पूर्व से शादी शुदा था इसलिए दोनो परिवारों के बीच आए दिन विवाद होते रहता था और यही से दोनो ने मिलकर विश्वनाथ की हत्या की योजना बनाई।

### पत्नी ने बनाई योजना, प्रेमी ने दिया अंजाम

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि क्लॉस्टिका केरकेट्टा ने विवेक के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। महिला खुद रायपुर में रही और बहाने से विश्वनाथ को विवेक ने मिलने के लिए बलरामपुर बुलाया। 12 जनवरी को मृतक दंतेवाड़ा से छुट्टी लेकर 14 जनवरी को सतिसेमर स्थित घर पहुंचा। पूर्व में बनाई गई योजना के तहत 14 जनवरी की शाम 7 बजे विवेक ने मृतक को मिलने के लिए सेंदुर नदी किनारे पहुंचा जहां आरोपी विवेक ने धोखे से विश्वनाथ के सिर पर खुरपी से सिर पर पीछे की तरफ कई बार किया जिससे प्रधान आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद आरोपी ने शव को खींचकर नदी किनारे रेत में दफन कर दिया।

### मिली है सफलता

पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर छग सशस्त्र बल में पदस्थ प्रधान आरक्षक की हत्या की। महिला ने योजना बनाई और धोखे से प्रेमी ने वारकर हत्या कर दी थी। प्रधान आरक्षक को दोनो के संबंध की जानकारी थी। हत्या के बाद महिला गांव में आकर लोगों को गुमराह कर रही थी। पुलिस ने अंधे कत्ल कीज गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की।

**-वैभव वैंकर रमनलाल,** एसपी

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शादी पार्टी में दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शहर में गुणवत्ताहीन डेयरी उत्पाद खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई बुधवार से शुरू कर दी गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बस स्टैंड में बाहर से आने वाले पनीर, खोवा, दही की जांच की। इसके साथ ही शहर के कई होटलों में पहुंचकर शादी पार्टी के लिए भोजन पकाने हेतु लाए गए खोवा पनीर की जांच कर सैम्पल लिए गए।

■ कैटर्स द्वारा उपयोग किए जा रहे डेयरी उत्पाद का लिया सैम्पल

बता दें कि जिले में बड़े पैमाने पर दीगर राज्यों से नकली खोवा पनीर व दही की सप्लाई की जा रही है। गुणवत्ताहीन डेयरी उत्पाद खपाए जाने का खेल लम्बे समय से चल रहा है और इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ऐसे में कलेक्टर अजीत वंसत के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच टीम का गठन किया गया है। जांच टीम बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंची जहां उन्होंने दीगर राज्यों से आने वाले बसों की जांच की। वहीं दोपहर में टीम शादी घर बसंत होटल पहुंची जहां चितरंजन कैटर्स द्वारा भोजन का ठेका लिया हुआ था वहा पर जो पनीर मौके मे उपलब्ध था वो सदर रोड स्थित कान्हा डेयरी से लिया गया, इसके पश्चात टीम के द्वारा महामाया रोड स्थित इन्द्र वाटिका शाद्दी घर पहुंची जहां अन्नपूर्णा कैटर्स मायापुर द्वारा भोजन के निर्माण का वैद्या अनालोग मौके पर मिला एवं खोवे का नमूना लिया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि गुणवत्ताहीन खोवा, दही पनीर के खिलाफ जांच कार्रवाई जारी रहेगी।

## विश्व कैंसर दिवस पर की गई निःशुल्क जांच

# शिविर में की गई 15 नए कैंसर रोगियों की पहचान

**अम्बिकापुर।** बुधवार को विश्व कैंसर दिवस पर शहर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 60 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ ही जांच की गई। इसके साथ ही कैंसर मरीजों को बीमारी के प्रति जागरूक करने की सलाह दी गई।

बता दें कि 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शहर के नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल के तत्वाधान में नावापारा सहित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर रोगियों के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 60 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 45 मरीज पूर्व से उपचाररत एवं नियमित फॉलो-अप में रहने वाले थे जो चिकित्सकीय सलाह का समुचित रूप से पालन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 15 नए मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें 8-9 महिलाएं एवं शेष पुरुष शामिल थे। अधिकांश महिलाएं स्तन कैंसर जांच हेतु एवं पुरुष मरीज मुख्यतः मुखगुहा (ओरल) कैंसर जांच के लिए उपस्थित हुए। शिविर में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता द्वारा मुख्य रूप से उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर अर्बन सीएचसी नवापारा की प्रभारी चिकित्सक डॉ. शीला नेताम, स्टाफ नर्सेस एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी, साथ ही मरीजों के परिजन भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुछ मरीजों को निःशुल्क कैंसर दवाएं भी प्रदान की गईं। विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाई यूनीक के अंतर्गत कैंसर से संबंधित जागरूकता प्रस्तुति एवं परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें प्रत्येक मरीज की बीमारी की विशिष्टता, समय पर जांच, नियमित उपचार एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों को उपचार के प्रति प्रेरित एवं मानसिक रूप से सशक्त किया गया। आयोजकों के अनुसार शिविर की सफलता यह दर्शाती है कि आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा लोग समय पर जांच और नियमित फॉलो-अप को गंभीरता से अपना रहे हैं।




### समय पर पहचान से उपचार संभव

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जिले में कैंसर रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिले में सबसे अधिक बच्चेदानी के मुंह का कैंसर, पित्त की थैली, स्तन कैंसर के साथ ही पुरुषों में मुंह के कैंसर के मामले सामने आ रहे है। समय पर कैंसर के लक्षणों की पहचान कर उपचार कराने से बीमारी ठीक हो सकती है। मुंह के कैंसर में लगातार छाला रहना, स्तन में गांठ, माहवारी बंद होने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग को सामान्य मानकर नजर अंदाज करने से समस्या बढ़ती है। इस लिए जरूरी है कि लोग कैंसर के प्रति जागरूक हो और समय पर जांच व उपचार कराएं।

## महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 26 को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर और रायपुर के तत्वाधान में महिला सैन्य पुलिस के पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस भर्ती रैली में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वे महिला उम्मीदवार हिस्सा लेंगी, जिन्होंने पूर्व में आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी 2026 को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी। भर्ती रैली में शामिल होने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं, साथ ही उम्मीदवारों के ई-मेल पर भी भेजे गए हैं। सेना भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज, तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

# विधायक ने कस्तूरबा आश्रम पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रतापपुर में अनियमितता, भ्रष्टाचार, घटिया भोजन और छात्राओं के साथ प्रताड़ना से जुड़ी मामला सामने आने के बाद आखिरकार शासन-प्रशासन हरकत में आता नजर आया। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से सीधा संवाद किया और आश्रम की बदहाल व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।

■ छात्राओं की सुनी समस्या, बीईओ, बीआरसी को हटाने दिए निर्देश

विधायक ने छात्राओं से अलग-अलग चर्चा कर उनके हालात, भोजन, साफ-सफाई, व्यवहार और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली। छात्राओं ने खुलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। छात्राओं ने बताया कि उन्हें आधा पेट भोजन दिया जाता है, गुणवत्ता बेहद खराब होती है, कई बार मानसिक दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। छात्राओं की बातें सुनकर विधायक अधिकारियों पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नूलाल धुर्वे की मौजूदगी में विधायक ने जमकर फटकार लगाई और आश्रम की व्यवस्था तत्काल सुधारने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही बीआरसी रमेश शरण सिंह को फोन पर छात्रावास एवं आश्रमों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के आदेश दिए गए। विधायक ने फोन के माध्यम से कलेक्टर से संपर्क कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले में केवल खानापूर्ति नहीं चलेगी और जिम्मेदार अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे निडर होकर पढ़ाई करें और भविष्य पर ध्यान दें, बाकी व्यवस्था की जिम्मेदारी उनकी है। गौरतलब है कि इससे पहले कस्तूरबा आश्रम में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बालिकाओं से मिलने पर रोक लगाए जाने से सियासी संग्राम छिड़ गया था। आक्रोशित जनप्रतिनिधि धरने पर बैठ गए थे और बीईओ–बीआरसी की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। विधायक ने स्पष्ट कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और जिम्मेदार अधिकारियों को हटाया नहीं गया तो और कठोर कदम उठाए जाएंगे।



## चोरी के डीजल को 65 रुपए में खरीदकर बेच देता था 80-90 रुपए में

# एनएच किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

एनएच व रिंग रोड किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सरगुजा पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब पुलिस ने गिरोह के सरगना और चोरी का डीजल खरीदने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरों से 65 रुपए में चोरी का डीजल खरीद लेता था और अन्य वाहन चालकों को 80-90 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बेच देता था। पुलिस ने आरोपी आदतन बदमाश है और उसके खिलाफ एमपी, छत्तीसगढ़ में अनेको प्रकरण दर्ज है।

बता दें कि सरगुजा में डीजल चोर गिरोह एनएच व रिंग रोड किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का काम करता है। डीजल चोर गिरोह द्वारा वाहनों के टैंकर ढक्कन तोडकर डीजल की चोरी की जाती थी। चोरों ने 10 नवम्बर 2025 की रात लखनपुर एनएच 130 पर जजगा में ढाबा किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीआर 2292 से टैंकर का ढक्कन तोड़कर 280 लीटर डीजल की चोरी की थी। इसके साथ ही 23 अक्टूबर की रात लखनपुर सिंगीटाना के समीप एनएच किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 3477 से 300 लीटर, सीजी 15 ईए 8003 से करीब 180 लीटर, ट्रक कमांक सीजी 15 ईए 8004 से 200 लीटर कुल 680 लीटर डीजल की चोरी की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 305(सी), 3(5), 317(4), 111(1), (ii) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में डीजल चोर गिरोह के आरोपियों हीरालोनी, रोहित लोनी, धुव्र लोनी, बसंत लोनी को एमपी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही एसएसपी व डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल गिरोह के सरगना पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने एमपी अनूपपुर जैतहरी खुटाटोला निवासी 39 वर्षीय रमेश गुप्ता आ. राम प्रसाद गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 मे सूरजपुर जेल में बंद रहने के दौरान उसकी पहचान डीजल चोर आरोपी हीरा लोनी, रोहित लोनी, धुव्र लोनी, बसंत लोनी से हुई थी जिसके बाद सभी ने मिलकर डीजल चोरी की योजना बनाई और जेल से बाहर आकर वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपी रमेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह चोरी के डीजल को 65 रुपए प्रति लीटर में खरीद लेता था और 80-90 रुपए प्रति लीटर में अन्य चालकों को बेच देता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कबीरधाम, जयनगर, जैतहरी, बिजुरी, लखनपुर, मणीपुर, कोतवाली, गांधीनगर में अपराध दर्ज है। पुलिस ने मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, रवि सिंह, आरक्षक असलम अंसारी, राजकुमार, राकेश एक्का सक्रिय रहे।



## ग्रामीण के घर से 20 हजार की 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद



**अम्बिकापुर।** मुखबिर की सूचना पर वन अधिकारियों ने ग्राम चम्पापुर अंतर्गत एक ग्रामीण के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुई। आरोपी के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षक अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सेमरसोत अभ्यारण्य में निवासरत ग्रामीणों की मदद से तस्कर जमकर लकड़ी की अवैध तस्करी कर रहे हैं। बुधवार को वन अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि कोदौरा जंगल के डूमरखोला बीट अंतर्गत ग्राम चंपापुर निवासी टुनुराम पिता सरजू खैरवार ने अपने घर में भारी मात्रा में अवैध बल्ली का भण्डारण किया है तथा भंडारित बल्ली को खपाने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर अधीक्षक बीएस भगत के निर्देशन एवं वन परिक्षेत्राधिकारी विनय टंडन के नेतृत्व में वन अमले ने आरोपी के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो घर से 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुआ। जब्त बल्ली की कीमत 20 हजार रूपए आंकी गई है। विभाग द्वारा आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ी

**सोनहत।** मुख्यालय सोनहत सहित आसपास के गांवों में 3 फरवरी को शाम करीब 4 बजे से कुछ देर तक हल्की बारिश हुई। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। बारिश के साथ चली हल्की हवाओं के कारण शाम होते ही ठंड का असर तेज हो गया और लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव व गर्म कपड़ों की तैयारी करते नजर आए। बीते कुछ दिनों से मौसम में हल्की गर्मी के संकेत मिलने लगे थे, लेकिन अचानक हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंडक का असर बना रह सकता है। हालांकि बारिश की मात्रा कम रही, फिर भी किसानों ने इसे वर्तमान फसलों के लिए लाभकारी बताया है। विशेष रूप से गेहूं सहित रबी फसलों के लिए यह हल्की बारिश उपयोगी मानी जा रही है।

### समय-सीमा की बैठक में प्रशासनिक कसावट

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में संदेश दिया कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही, शिथिलता या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिले के समस्त विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को चेताया कि अब केवल फाइलों की कार्रवाई नहीं, बल्कि आम जनता को वास्तविक और समयबद्ध समाधान दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर ने भू-अभिलेख, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, उद्यानिकी, लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड, सहकारी संस्थाओं और नगर निकायों से संबंधित भूमि चिन्हांकन व आवंटन के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा राहत योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में खड़गवां तहसील के दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर से जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 के अनुसार इन घटनाओं को प्राकृतिक आपदा मानते हुए पीड़ित परिवारों को अनुग्रह सहायता प्रदान की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध संबंध बना ...

साय केरकेट्टा के रूप में की गई। विश्वनाथ केरकेट्टा छगा सशस्त्र बल में प्रधान आरक्षक के पद पर वर्तमान में दंतेवाड़ा में पदस्थ था। सशस्त्र बल के जवान की हत्या के मामले को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी याकूब मेमन के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मृतक विश्वनाथ केरकेट्टा पूर्व में बलरामपुर जिले में भी छगा सशस्त्र बल में तैनात रह चुका है। पदस्थापना के दौरान मृतक ने अपने से 20 साल छोटी युवती गणेशमोड चौकी अंतर्गत ग्राम सवनी निवासी क्लॉस्टिका केरकेट्टा से दूसरी शादी कर ली थी। दूसरी शादी से विश्वनाथ और क्लॉस्टिका केरकेट्टा के दो बच्चे भी है। मृतक ने दूसरी पत्नी के लिए पहले सतिसेमर में एक घर बनवाया और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए उसने वर्ष 2024 में पत्नी और बच्चों को रायपुर शिफ्ट कर दिया जहां वे किराए के घर में रहते थे।

**पत्नी लोगों को करती रही गुमराह**

प्रधान आरक्षक की हत्या के बाद विवेक टोप्पो घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन अपने रखकर मृतक के घर गया और मृतक के कपड़े, बैंक पासबुक, आधार कार्ड पैनकार्ड, अन्य मोबाइल फोन वाला बैग लेकर घर से निकल गया और आराम से गांव में घूमने लगा। इधर 22 जनवरी को मृतक की पत्नी क्लॉस्टिका रायपुर से आई जिसके बाद उसने पति के लापता होने और खोजबीन का झूठा दिखावा शुरू किया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत चलगली बेलकुन्द्री निवासी 31 वर्षीय विवेक टोप्पो आ. स्व. प्रफुल्ल टोप्पो व मास्टर माइंड सतिसेमर निवासी 31 वर्षीया क्लॉस्टिका केरकेट्टा पति स्व. विश्वनाथ केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भापेन्द्र साहू, साइबर सेल प्रभारी हिम्मत सिंह, एसआई किरणेश्वर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, श्रीनाथ सिंह, आरक्षक आकाश तिवारी, सचिन सिंह, महेंद्र गुप्ता सक्रिय रहे।

### खड़गवां के सांसद आदर्श ग्राम में सुविधाएं नहीं

# शो पीस बने नल जल कनेक्शन, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां को वर्षो पहले सांसद आदर्श ग्राम घोषित किया गया था, इसके बाद ग्राम खड़गवां के लोगों को उम्मीद थी कि उनके ग्राम का अब समुचित विकास होगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी खड़गवां सिर्फ कागजों में ही आदर्श बना हुआ है। जमीनी हकीकत में बुनियादी सुविधाओं का अकाल देखने को मिलता है।

सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद केवल नाम की पट्टिकाएं लगी है, लेकिन वर्षों बाद भी खड़गवां की तस्वीर नहीं बदल सकी। खड़गवां ग्राम प्रवेश करने के पूर्व सड़क किनारे बोर्ड देखने को मिल जाएगा कि मुस्कुराईए आप सांसद आदर्श ग्राम में है। यहां विकास के नाम पर केवल घोषणाएं नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला परिवर्तन कुछ नहीं है। आज खड़गवां की जनता अपने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जवाब मांग रही है। जानकारी के अनुसार सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद इस योजना के तहत विशेष बजट और निगरानी का प्रावधान है तो फिर खड़गवां की इतनी बदतर स्थिति क्यों हैं क्या अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है और कागजों में खड़गवां सांसद आदर्श ग्राम के रूप में दर्ज हैं और धरातल की हकीकत कुछ और बयां करती है।



### सुलभ शौचालय की भी सुविधा नहीं

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के बाजार स्थल पर लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की भी सुविधा वर्षों बाद भी सुलभ नहीं हो सकी है, इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार खड़गवां के प्रमुख बाजार स्थल के पास यात्री प्रतीक्षालय के पीछे सार्वजनिक शौचालय वर्षो पूर्व का बना हुआ है, जिसका शटर हमेशा बंद रहता है तथा उपयोग लायक स्थिति में नहीं है जबकि इस स्थल के पास यात्री बसों से लोग उतरते चढ़ते हैं और खड़गवां का प्रमुख बाजार स्थल है, जिन्हें शौचालय एवं यूनिरल के लिए भटकना पड़ता है। सुविधा के अभाव के चलते सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है।

### कॉलेज पहुंच मार्ग एक जगह धंसा

खड़गवां मुख्य मार्ग से कॉलेज पहुंच मार्ग पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है, इसके चलते यहां पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वाहन चालकों को सावधानी से चलना पड़ता है अन्यथा दुर्घटना घट सकती है। सांसद आदर्श ग्राम में अच्छी सड़क का भी अभाव है।




### पेयजल के लिए जद्दोजहद

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के लोगों को पीने के पानी के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। जिस तरह का विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना भी यहां फेल हो गई है। अब तक यहां के लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन उसमें अब तक पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, ऐसे में इस वर्ष के गर्मी में भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पडेगा।




# बैकुंठपुर में मिलेगा 200 बिस्तरीय नवीन जिला चिकित्सालय भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों से वर्षों से अधूरा पड़ा कोरिया जिले के बैकुंठपुर का 200 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन अब शीघ्र ही पूरा होगा। राज्य शासन ने मुख्य बजट वर्ष 2025-26 में शामिल करते हुए अस्पताल भवन के शेष निर्माण कार्य के लिए 22 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है।



■ अस्पताल भवन के निर्माण के लिए शेष 22 करोड़ 59 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से इस परियोजना के लिए 35 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत छह किस्तों में सिर्फ 13 करोड़ रूपए ही निर्माण एजेंसी को जारी किए गए। इसी बीच कोरिया जिले के विभाजन और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के गठन के कारण डीएमएफ मद से राशि आवंटन नहीं हो सका और बजट के अभाव में निर्माण कार्य ठप हो गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार समीक्षा और समन्वय किया। उनके निर्देश पर छग मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) द्वारा प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया, जिसे स्वीकार करते हुए मुख्य बजट 2025-26 में शामिल किया गया। अब 22 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति मिलने के साथ ही 200 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ होगा। इसके पूर्ण होने से कोरिया जिले सहित सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रूख नहीं करना पड़ेगा। यह निर्णय राज्य में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा सहित जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि गण एवं जनमानस ने आभार व्यक्त किया है।

# बीवीजीरामजी योजनाः आईइसी अंतर्गत सरोवर संवाद में एकजुट हुए ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए लागू की गई वीबी जीरामजी योजना को जन-जन तक ले जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में व्यापक प्रचार-प्रसार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत तथ्यों की जानकारी के माध्यम से श्रमिकों और आम नागरिकों के भ्रम को दूर करते हुए सकारात्मक लाभ और उसके अच्छे परिणामों की जानकारी प्रदान की जा रही है। आज मुख्यालय सोनहत के सरोवर संवाद में सरपंच श्रीमती मानमती सिंह, सचिव रामलाल, पंच श्रीमती लता सिंह, भूपेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, हफीज खान, श्रीमती नीता तिवारी , रोजगार सहायक नंदलाल राजवाड़े शामिल रहे। कभी अनिश्चितता और सीमित रोजगार से जूझने वाले ग्रामीण श्रमिकों के चेहरों पर आज भरोसे की मुस्कान आ रही है। कोरिया जिले के वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत मुख्यालय में नर्सरी तालाब जो अब अमृत सरोवर बन चुका है। उसके तट पर आज ग्राम पंचायत सरपंच की उपस्थिति में श्रमिकों ने वीबी रामजी एक्ट 2025 के अंतर्गत अपने अधिकारों को जाना और समझा। सरोवर संवाद में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को वीबीजीरामजी के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़कर आपको 125 दिवस के सुनिश्चित रोजगार और 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की अनिवार्यता रखी गई है।

### गांव की बदलेगी तस्वीर

सरपंच श्रीमती मानमती ने कहा कि हमें जब अधिकारों की जानकारी मिलती है और वह सुनिश्चित रोजगार से जुड़ी हुई होती है तो हम सभी के लिए खुशी की राह बनती है। आने वाले समय में वीबीजीरामजी से होने वाले काम केवल काम ना होकर गांव की आत्मनिर्भरता, सम्मान और खुशहाल भविष्य की नींव बनेंगे।

### संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनी

**बैकुण्ठपुर।** संत शिरोमणि विश्व गुरू रविदास जी महराज के इन मानवता वादी विचारों को लेकर रविदास समाज जन-कल्याण सरगुजा संभाग एवं सर्व रविदास समाज के तत्वावधान में मोहित राम पैकरा जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया के मुख्य आतिथ्य एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बैकुंठपुर श्रीमती अंबिका सिंहदेव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांति तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष पटना श्रीमती गायत्री सिंह, जनपद सदस्य बैकुंठपुर श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, भूपेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, शशिप्रकाश जायसवाल, राजेन्द्र पावले, संजय चिकनजूरी, रूपेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिवप्रसाद रवि की उपस्थिति में किया गया।

# अलंकरण समारोह से नौनिहालों में जगा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




एमसीबी जिले के मानक एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्री-प्राइमरी कक्षा केजी 2 के नौनिहालों का अलंकरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन नन्हें विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उत्तरदायित्वबोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसने वातावरण को पावन और प्रेरणादायी बना दिया। इसी क्रम में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीरा सिंह विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह एवं निदेशिका पूनम सिंह तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी का स्वागत बैज एवं पुस्तकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अगली श्रेणी में कक्षा नर्सरी एवं केजी 1 के नन्हें मुन्ने जब रंग-बिरंगे परिधानों में सजे मंच पर पहुंचे, तो उनकी मासूम मुस्कान और चमकती आंखों ने उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी एवं केजी -1 के आकर्षक नृत्य के पश्चात कक्षा केजी - 2 का छात्र अर्चित तिवारी तथा छात्र नित्य गुप्ता ने क्रमशः हिंदी तथा अंग्रेजी में अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए भाषण दिया। इसी क्रम में कक्षा केजी 2 के विद्यार्थियों द्वारा शानदार लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात कक्षा क 2 के विद्यार्थियों द्वारा ताली योग की प्रशंसनीय प्रस्तुति दी गई जो दर्शकों द्वारा अत्यंत सराही गई, इसी क्रम में कक्षा केजी 2 के विद्यार्थियों द्वारा भावनात्मक प्रस्तुति गीत शुक्रिया पर दी गई। कार्यक्रम की अगली श्रेणी में विद्यालय की वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्री प्राइमरी कक्षाओं की समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी ने अभिभावकों को धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि आज बच्चों की किंडरगार्डन से विदाई है, परंतु उनके सीखने की यात्रा निरंतर जारी रहेगी एवं आगे की कक्षाओं के लिए भी हम सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं आपके सहयोग एवं विश्वास के अभिलाषित रहेंगे। कक्षा केजी - 1 की मातृ शिक्षिका श्रीमती रश्मि सोनी द्वाराकविता पाठ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने विद्यालय तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपनी व्याख्यान में कहा कि विद्यालय वह पवित्र स्थान है, जहां बच्चों को केवल पढ़ना ही नहीं,बल्कि अच्छा इंसान बनना सिखाया जाता है। मैं इस विद्यालय के शिक्षकगण को बधाई देती हूं। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा आपके विश्वास और सहयोग के बिना यह यात्रा संभव नहीं थी। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव और भावनाओं से भरा हुआ है। किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि बचपन की पहली उड़ान का उत्सव है। आज हमारे ये नन्हें विद्यार्थी एक कक्षा से आगे बढ़कर ज्ञान की नई दुनिया की ओर कदम रख रहे हैं। इन मासूम चेहरों पर आज जो आत्मविश्वास की चमक दिखाई दे रही है, उसके पीछे हमारे समर्पित शिक्षिकाओं का अथक परिश्रम, धैर्य और असीम प्रेम छिपा है। मैं विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक एवं नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किंडरगार्टन के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बच्चों की मासूम मुस्कान और उनके आत्मविश्वास ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# महिमा बनीं मिस एमसीबी-2026

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की होनहार और प्रतिभाशाली बेटी महिमा देवांगन ने 14 जनवरी को बिलासपुर में आयोजित भव्य सौंदर्य एवं प्रतिभा प्रतियोगिता में मिस एमसीबी का खिताब जीतकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि मनेन्द्रगढ़-एमसीबी जिले की बेटियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की जिद का प्रतीक भी बन गई है। बिलासपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छग के विभिन्न जिलों से आई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जहां सौंदर्य के साथ-साथ व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक सोच को भी परखा गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच महिमा देवांगन ने अपने आत्मविश्वासपूर्ण जवाब, प्रभावशाली व्यक्तित्व और सादगीपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को पूरी तरह प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में पूछे गए सामाजिक सरोकारों से जुड़े सवालों पर महिमा के जवाबों ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे केवल मंच की शोभा ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की सोच रखने वाली युवा प्रतिनिधि हैं। इसी वजह से उन्हें सर्वसम्मति से मिस एमसीबी का ताज पहनाया गया। महिमा की इस ऐतिहासिक जीत से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवारजन, मित्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। इसे जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। लोगों का कहना है कि महिमा ने यह साबित कर दिया है कि छोटे जिलों से भी बड़े सपने और बड़ी कामयाबी निकल सकती है। अपनी सफलता पर महिमा देवांगन ने कहा कि यह मुकाम उनके माता-पिता, गुरूओं और शुभचिंतकों के समर्थन के बिना संभव नहीं था।




मनेन्द्रगढ़ की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

# कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के अंबेडकर चौक के समीप नव निर्मित भगवान शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस अवसर पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर श्रद्धा भाव से यात्रा में सम्मिलित रहीं।

हर-हर महादेव के जयघोष, शंखनाद और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कोरिया कॉलरी एवं आसपास के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः अंबेडकर चौक स्थित मंदिर परिसर पहुंची। श्रद्धालु नंगे पांव यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी गहरी आस्था का परिचय देते नजर आए। यात्रा के दौरान अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को पारंपरिक ढंग से आकर्षक रूप में सजाया गया है। बांस और खपरैल से निर्मित मंडप में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। आयोजन के अंतर्गत तीन दिवसीय यज्ञ, हवन, रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे, इनमें पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया जाएगा। कोरिया कॉलरी के निवासियों ने बताया कि यह शिव मंदिर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी आस्था और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए नियमित पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया जाएगा। आयोजन में आसपास के गांवों एवं कॉलरी क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### मिनी स्टेडियम में डोम सजाकर शिव महापुराण की तैयारी

**सोनहत।** विकासखंड मुख्यालय सोनहत के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में पहली बार भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 9 से 16 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं डोम एवं पंडाल सजावट को अंतिम रूप देने में समिति से जुड़े श्रद्धालु दिन-रात जुटे हुए हैं। सार्वजनिक रूप से आयोजित इस भव्य शिव महापुराण कथा के लिए विशाल डोम पंडाल एवं यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बीते दिवस पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा स्थल पर पहुंचकर पंडाल, डोम एवं यज्ञशाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि विकासखंड मुख्यालय स्तर पर पहली बार आयोजित हो रहे शिव महापुराण कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं महादेव भक्तों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन को लेकर आसपास के गांवों से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### द्वेषपूर्ण फर्जी शिकायतकर्ताओं की कलेक्टर से जांच की मांग

# कोरिया में पीएम और जन शिकायत पोर्टल में फर्जी शिकायत के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों कोरिया जिले में पीएम पोर्टल और जन शिकायत पोर्टल को हथियार बनाकर वसूली करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है। इस गिरोह के कुछ सदस्य किसी निर्दोष व्यक्ति, शासकीय अधिकारी या जनप्रतिनिधि के नाम से फर्जी शिकायत दर्ज कराते हैं और फिर शिकायत वापस लेने या दबाने के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं।




विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पहले बेव पोर्टल पर गंभीर और बदनाम करने वाले आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई जाती है, जिससे संबंधित व्यक्ति मानसिक दबाव में आ जाता है। इसके बाद फोन कॉल, मैसेज या बिचौलियों के जरिए सौदेबाजी शुरू होती है। बताया जा रहा है कि आए दिन इस तरह की फर्जी शिकायतें दर्ज हो रही हैं, जिससे न सिर्फ आम लोग बल्कि सरकारी तंत्र भी परेशान है। पीएम एवं सीएम शिकायत निवारण जैसी पवित्र व्यवस्था को बदनाम कर अवैध कमाई की जा रही है। पीड़ितों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस फर्जीवाड़े में शामिल गिरोह की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में सत्यापन व्यवस्था और अधिक सख्त करने की भी जरूरत बताई जा रही है।

मामले को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस संगठित वसूली गिरोह पर कब और कैसी कार्रवाई करता है।

**केस 1**

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग को लेकर एक ही व्यक्ति के नाम से कई बार शिकायत पीएम पोर्टल और जन शिकायत में किए गए हैं, जिसके कारण वह बेवजह परेशान हो रहे हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जरुरत है।

**केस 2**

एक महिला ने बताया कि उनके नाम की फर्जी शिकायत एक समुदाय विशेष वाले व्यक्ति के नाम से किया गया, जो वहां का निवासी है ही नहीं। इस गिरोह के द्वारा लगातार नाम बदल-बदलकर परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत उन्होंने दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप



### 138 मतदाताओं के नाम कटवाने का आरोप, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मांजा अंतर्गत राजाकटेल पंचायत के 120 और नरकलो पंचायत के 18 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह कार्रवाई संगठित और चयनात्मक तरीके से एक विशेष समुदाय को लक्षित कर की गई है। जानकारी के अनुसार यह फॉर्म केवल सात व्यक्तियों द्वारा भरे गए हैं। अब तक किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं कटा है, लेकिन इसे चुनावी प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप का प्रयास माना जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम उदयपुर एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेता विक्रमजीत सिंह देव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, पूर्व एल्डरमैन शराफत अली, मंडल अध्यक्ष रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, जमील खान, इरशाद खान, मकसूद हुसैन, पार्षद बघोलन राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 2 सौ मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**अम्बिकापुर।** बंगाली चौक स्थित आस्था मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुर्गा पंडाल बरियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आरएसएस जिला प्रचारक आत्मशरण उपाध्याय भी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती पैंकरा ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं तथा समाज के प्रति अस्पताल की यह सेवा भावना सराहनीय है। शिविर में एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. इम्तियाज़ अली अहमद तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुब्रता दास द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सामान्य रोगों, महिला स्वास्थ्य समस्याओं, बीपी, शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच गईं। साथ ही अस्पताल प्रबंधन की ओर से दवा वितरण किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक विनोद कुमार गुप्ता एवं श्री सुनील कुमार सिन्हा, सूरज गुप्ता, राजू सोनी, जितेंद्र जायसवाल, मुकेश गुप्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी शनिचरी बाई पति रामचंद्र 54 वर्ष 30 जनवरी को पति के साथ बैठकर शराब पी जिसके बाद किसी बात को लेकर दोनों के वीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। परिजन महिला को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिम उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## शाम ढ़लते की अंधेरे में डूबा रहता है मार्ग, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

# विश्रामपुर ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक लगाए गए सोलर लाइट महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सड़क पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे लेकर एसईसीएल द्वारा सड़क किनारे सोलर लाइट की लाइट लगाई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि विश्रामपुर छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक लगाए गए अधिकांश सोलर लाइट साल भर के भीतर बंद हो गई। जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है लेकिन लाइट के बंद होने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।आलम यह है कि शाम ढ़लते ही सड़क अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- मरम्मत के अभाव में साल भर के भीतर हो गई खराब

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा छत्तीसगढ़ ढाबा से गायत्री खदान तक सड़क किनारे लगाए गए लगभग दो सौ सोलर रोड लाइट देखरेख के अभाव में महज शोपीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार जिस उद्देश्य से लाइट लगाई गई थी, वह अब पूरी तरह से विफल होता नजर आ रहा है। सड़क किनारे लगाए गए अधिकांश सोलर लाइट पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, जिससे पूरा मार्ग रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोलर लाइट को लगे अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा राहगीरों की सुविधा और सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लगाया था, ताकि रात के समय लोगों को सुरक्षित आवागमन कर सके। लेकिन यह उद्देश्य सार्थक साबित होता नजर नहीं आ रहा है। मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है परंतु सड़क किनारे लगाए गए लाइट के खराब होने से शाम ढ़लते ही छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दिन के समय बाइक सहित अन्य वाहन सवार आसानी से आवागमन करते है लेकिन शाम ढलने के बाद अंधेरा होने के कारण उनकी परेशान काफी बढ़ जाती है। कुछ दिन पूर्व ही अंधेरा होने के कारण भारी वाहन की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई थी। मार्ग अंधेरा होने तथा आए दिन हो रही दुर्घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है।



सड़क किनारे खराब सोरल लाइट।

**लाइट मरम्मत की मांग**

विश्रामपुर छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक 2 सौ सोलर लाइट लगाई है। लाइट लगने के बाद कुछ माह तक सड़क रौशन था लेकिन लेकिन लाइट के समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण अधिकांश सोलर लाइट काम करना बंद कर दिया जिससे पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि राहगीरों सहित आम लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। लेकिन साल भर के भीतर ही अधिकांश लाइट काम करना बंद कर दिया जिससे रात में मार्ग अंधेरा में डूब जाता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने लाइट मरम्मत किए जाने की मांग की जिससे राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

**अंधेरा का उठाते है फायदा**

गायत्री खदान तक लगाए गए सोलर लाइट के खराब होने से क्षेत्र में सक्रिय कोयला चोर एव असामाजिक तत्वों के लिए यह मार्ग बेहद अनुकूल हो गया है। ऐसे में शाम ढलते ही अंधेरा होने से न सिर्फ कोयल तस्कर सक्रिय हो जाते है बल्कि मार्ग में पसरे अंधेरा का फायदा उठाकर बाइक से कोयला चोरी करने की घटना को अंजाम देते है। ग्रामीणों के मुताबिक पूरी रात बाइक से कोयले की ढुलाई खुलेआम की जा रही है।

**लाइट की नहीं हुई मरम्मत**

बताया जा रहा है कि सोलर रोड लाइट लगाने का कार्य एक कंपनी के निजी ठेकेदार को दिया गया था। कंपनी द्वारा मेंटेनेंस और गारंटी की भी स्पष्ट व्यवस्था थी। बावजूद इसके न तो खराब लाइटों की मरम्मत की गई और न ही रिप्लेसमेंट को लेकर आज तक किसी प्रकार की कोई पहल की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन को समस्या की जानकारी होने के बाद भी संबंधित अधिकारी अनजान बने हुए हैं और ठेकेदार से संपर्क करना मुनासिब समझते है। ऐसे में सोलर लाइट महीनों से बंद है जिसका खामियाजा राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**कराई जाएगी मरम्मत**

सोलर लाइट पर्यावरण निधि से लगाई गई हैं। लाइट खराब है तो इसके लिए विभाग में अन्य अधिकारी जिम्मेदार हैं। मेंटेनेंस के लिए कुछ राशि रोकी गई थी। संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर यह देखा जाएगा कि लाइट गारंटी अवधि में हैं या नहीं। यदि गारंटी में होंगी तो ठेकेदार द्वारा उन्हें रिप्लेस कराया जाएगा नहीं तो आवश्यक सुधार कार्य कराया जाएगा।

**-सतीश वर्मा**, नोडल सीएसआर

## 55 तीर्थयात्रियों को लेकर बनारस जा रही बस को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अंबिकापुर- बनारस मार्ग में तीर्थयात्रियों को लेकर बनारस जा रही रक्षा बस को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है। टक्कर के बाद बस सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई जबकि कुछ दूर आगे जाकर ट्रक की पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में एक महिला तीर्थयात्री की मौत की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जबकि 13 घायलों का उपचार जारी है वहीं गंभीर दो घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। घटना सोमवार देर रात दो बजे लटोरी गंगापुर के समीप दुर्घटना हुई।

**खास बातें**

- एक श्रद्धालु की मौत, 13 हुए घायल
- दो को किया गया रेफर

जानकारी के अनुसार रायगढ़ क्षेत्र के ग्राम रूडूकेला लैलूंगा सहित आसपास गांव के 55 लोग चंदा कर रक्षा बस क्रमांक सीजी 10 बीएम 8229 को बुकिंग कर तमनार रायगढ़ से करीब 55 लोगों बनारस अयोध्या तीर्थयात्रा पर दर्शन हेतु निकले थे। बस अंबिकापुर पहुंचने के बाद बनारस के लिए रवाना हुई थी,रात्रि करीब दो बजे बस जैसे ही बनारस मार्ग में गंगापुर के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित रफ्तार की ट्रक सीजी 15 बीजेड 7188 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस के पीछे जोरदार टक्कर मार दी जिसके बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना की जानकारी लगते ही लटोरी,जयनगर,बिश्रामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से किसी तरह बाहर निकालकर लटोरी अस्पताल भेजा,दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान कोइकमा पति रौतीराम कवंर (50 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं पुष्पा व रमेश की हालत नाजुक होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी कॉलेज के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य को डेढ़ साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े मामलों पर कड़ा संदेश देते हुए प्रधान एवं जिला सत्र न्यायालय ने रामानुजगंज स्थित लरंग साय पीजी कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने कॉलेज के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य को दोषी ठहराते हुए डेढ़ वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि इस प्रकरण में आरोपित राम भजन सोनवानी है, जो घटना के समय लरंग साय पीजी कॉलेज, रामानुजगंज में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ था। उन्होंने बताया कि घटना 12 अगस्त 2024 की है, जब कॉलेज की एक छात्रा अपनी सहेली के साथ एक आवेदन पर हस्ताक्षर कराने प्रभारी प्राचार्य के कक्ष में गई थी। इसी दौरान आरोपित ने छात्रा के साथ आपत्तिजनक इशारे किए और उससे कहा कि वह कमरे में आए, तब उसका काम किया जाएगा। छात्रा ने इस अमर्यादित व्यवहार का विरोध करते हुए मामले की शिकायत दर्ज कराई। रामानुजगंज थाने में आरोपित के विरुद्ध धारा 75(3) एवं 79 के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर आरोपित के अपराध को सिद्ध किया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 75(3) के अंतर्गत 6 माह के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 79 के अंतर्गत 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** महुआ बिक्री कर रही महिला को गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मेंड्रा कला निवासी बसंती केवट अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर टीम ने महिला के घर दबिश देकर उसके पास से 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने शराब को जब्त कर महिला के विरूद्ध धारा धारा 34(2), 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## 15 वर्षों से अधूरे ढूंढीचुवा जलाशय के लिए 30.79 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की प्रयासों से शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ढूंढीचूवा जलाशय हेतु 30 करोड़ 79 लाख 13 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। इस जलाशय का कार्य लगभग 15 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था, जिसे सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अथक प्रयास से शासन द्वारा इसकी स्वीकृति दिलाई गई है।



शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत आदिवासी सुदूर अंचल में काफी रकवा में किसानों की खेत की सिंचाई हो पाएगी। जलाशय की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसानों में काफी खुशी का माहौल है। सामरी विधायक द्वारा सामरी विधान सभा क्षेत्र में चौमुखी विकास करने कराने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।




## महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित देवंती व नेहा बनीं जिला महामंत्री

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। कार्यकारिणी घोषणा कार्यक्रम में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जमीनी स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्रियों के नामों की विधिवत घोषणा की गई।



घोषित सूची के अनुसार संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने हेतु देवंती साहू एवं नेहा तिवारी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं संगठन में अनुभव का लाभ लेते हुए निवर्तमान जिला महामंत्री बीना गुप्ता को पदोन्नत कर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही किरण केराम, किरण साहू एवं सीता पैकरा को भी जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन में सामूहिक नेतृत्व को और मजबूती मिलेगी। मीना सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, पदमा जायसवाल, अंजू सिंह, इंदू सिंह, अनुराधा विश्वकर्मा एवं राधा सिंह को जिला मंत्री बनाया गया है। संचार एवं मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी आशा मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी जबकि सुमन अग्रवाल को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यालयीन व्यवस्था के लिए सीमा सिंह टेकाम को जिला कार्यालय मंत्री एवं शकुंतला देवांगन को सह जिला कार्यालय मंत्री बनाया गया है। डिजिटल माध्यमों को सशक्त करने के उद्देश्य से नंद कुमारी राजवाड़े को जिला सोशल मीडिया प्रभारी तथा सपना तायल को जिला आईटी सेल संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जिला कार्यसमिति सदस्य में जेमा प्रधान, देवमुनिया साहू, कौशल्या सिंह, सीमा जायसवाल, पूजा सिंह, कांता सिंह, लुनावती राजवाड़े, पुष्पलता शर्मा, हीरा सिंह सहित अन्य को शामिल किया गया है।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं भभिकन आ. धुरवा, उम्र लगभग 38 वर्ष, जाति बरगाह निवासी ग्राम असकला थाना व तहसील लुण्ड्रा, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री अंकिता का जन्म दिनांक 31/10/2015 को जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में हुआ है। त्रुटिवश मेरी पुत्री की जन्म प्रमाण पत्र में नाम जानकी हो गया है, जिसमें जानकी की जगह अंकिता किया जावे। मेरी पुत्री का नाम अंकिता है, जो सत्य एवं सही है तथा सभी दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम अंकिता है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम जानकी की जगह अंकिता किया जावे तथा इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

जिस हेतु मैं सभी दस्तावेज संलग्न करने के साथ स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
भभिकन
आ. श्री धुरवा
निवासी-ग्राम असकला
थाना एवं तहसील लुण्ड्रा
जिला सरगुजा छ.ग.



















## खबर संक्षेप

### पण्डो समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन



अम्बिकापुर। लखनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत माजा के राजाकटेल में निवासरत पण्डो समुदाय के लोगों ने दूसरे राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों पर उनकी पुस्तैनी भूमि पर जबरन मकान बनाकर कब्जा करने एवं विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस दौरान पण्डो समुदाय के लोगों ने बताया कि पड़ोसी राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोग उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरिया मकान बनाकर भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिससे उनकी कृषि भूमि सिमटते जा रही है साथ ही जीविकोपार्जन का संकट उत्पन्न हो रहा है। बाहरी लोगों की बसाहट बढ़ने के कारण पारंपरिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ ही समुदाय के लोगों की भूमि को संरक्षित करने की मांग की है। इस दौरान सनमान पण्डो, दरोगा पण्डो, गणेश पण्डो, राजेश पण्डो, रामधन पण्डो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसईसीएल सुरक्षा अमले ने खदान के बाहर दर्जनों बोरियों में भरा कोयला किया जप्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव,अमेरा व गायत्री खदान से संगठित रूप से कोयला चोरी का कार्य बदस्तूर जारी है,खदानों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव चोरों के लिए वरदान साबित हो रहा है,मंगलवार की प्रातः एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को सूचना मिली कि आमगांव और गायत्री खदान में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में खदान में जबरन प्रवेश कर बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कर ले जा रहे हैं,सूचना पर मंगलवार को हथियार बंद जवानों को लेकर बड़े सबेरे सुरक्षा अधिकारी गायत्री खदान पहुंचे,जहां जवानों को देख कोयला चोर मौके पर कोयला छोड़ बाइक लेकर भाग निकले,बाद में सुरक्षा अमले ने खदान के मैनेजर से मदद लेकर कर्मचारियों के माध्यम से खदान के बाहर बड़ी मात्रा में बोरो में भरे कोयले को जप्त कर स्टॉक में सुरक्षित रखवाया है, इसके बाद सुरक्षा अमले की टीम आमगांव खदान पहुंची,यहां भी खदान के बाहर बड़ी संख्या बाहरी लोग बाइक लेकर कोयला चोरी करने के उद्देश्य से खदान पहुंचे थे, जो जवानों को देख इधर उधर भागने लगे, जिसके बाद सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें अंतिम चेतावनी देकर छोड़ दिया है।

### छात्राओं से दुर्व्यवहार व्याख्याता निलंबित

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंड्राकला में पदस्थ व्याख्याता एलबी युवनाश यादव को गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने 3 फरवरी 2026 को जारी आदेश के तहत निलंबित की कार्रवाई की है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार श्री यादव पर विद्यालय ने छात्राओं से आपत्तिजनक, अशोभनीय व अनुचित व्यवहार करने, विद्यालय परिसर में शराब पीने, कार्य समय में मोबाइल फोन में व्यस्त रहने का आरोप लगाया था जो जांच में सही पाया गया है। जांच प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि श्री यादव का आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3, 22 एवं 23 के विपरीत है। इस आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री यादव का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारी कार्यालय सरगुजा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर श्रमिक संगठनों की संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बिश्रामपुर।** चार श्रम कानूनों के प्रभावी होने की आशंका और श्रम संगठनों के अस्तित्व पर संकट को लेकर भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर शेष सभी श्रमिक संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में एचएमएस कार्यालय में संयुक्त श्रम संगठनों की बैठक आयोजित की गई।श्रमिक नेता रामाशीष पॉल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएमएस,एटक,इंटक एवं सीटू के पदाधिकारियों ने हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम कानून लागू होने से मजदूरों के अधिकार प्रभावित होंगे,इसलिए हड़ताल आवश्यक है। बैठक में एटक से पंकज गर्ग,इंटक से अजीत यादव, सीटू से अप्पा राव और एचएमएस से देवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखे और सभी संगठनों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

## निधन

### सुरजवंती देवी

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर माइनर्स कॉलोनी निवासी कॉलरी कर्मी राजकुमार चौबे की 92 वर्षीया मां सुरजवंती देवी का बुधवार को निधन हो गया,वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं,आज बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।सुरजवंती देवी भाजपा नेता भगवान मिश्रा की सास थीं।

### बिना टीपी तस्कर भेज रहे दक्षिण भारत, वर्षों से चल रहा वनोपज का अवैध कारोबार

# नेशनल पार्क एवं सामान्य वनों से संग्रहित मोहलाईन पत्ते की हो रही तस्करी

हरिभूमि न्यूज.बिहारपुर।

गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं सामान्य वनों से तस्कर मोहलाईन पत्ते की धड़ल्ले से तस्करी कर रहे हैं। वन अमले की लापरवाही के कारण तस्कर बिना टीपी पत्ते का अवैध परिवहन भी कर रहे हैं। दक्षिण भारत के राज्यों में मोहलाइन पत्ते की भारी मांग होने के कारण तस्कर मोहलाईन पत्ते को बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं वहीं धड़ल्ले से चल रही अवैध तस्करी से वन विभाग को राजस्व की हानि हो रही है। मोहलाईन आदिवासी संस्कृति एवं आजीविका का अभिन्न अंग है। यह कंदयुक्त बेल है जो जंगल के पेड़ों पर फैलता है। इसके पत्ते बेहद मजबूत एवं बड़े आकार के होते हैं। आदिवासी समुदाय पत्तों का उपयोग पूजा-पाठ में करता है। अब पत्तों का दोना-पत्तल बनाने के साथ ही अन्य व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

मोहलाईन पत्ता को वन विभाग द्वारा वनोपज की श्रेणी में शामिल किया गया है तथा इसके परिवहन के लिए अभिवहन पास आवश्यक निर्धारित किया है। दो दशक पूर्व तक मोहलाई पत्ता सरगुजा संभाग के सभी जंगलों में मिलता था लेकिन बेतरतीब दोहन के बाद अब मोहलाइन के पौधे गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं आसपास के सामान्य जंगलों में बचे हैं। पत्तों का व्यवसायिक उपयोग होने के कारण दक्षिण भारत के राज्यों में इसकी भारी मांग है। पूर्व में ठेकेदार के लिए पत्तों का संग्रहण कराने वाले मुंशी पिछले कुछ सालों से लगातार मोहलाइन पत्ते की तस्करी कर मोटी कमाई कर रहे है। ग्रामीण परिवार रोज जंगल से पत्तों का संग्रहण कर बांस के डंडे व रस्सी के सहारे बंडल तैयार करते हैं तथा तस्करों को सूचना देते हैं। सूचना पर तस्कर घ-घर से पत्तों को तौल कर खरीदते हैं। सूत्रों के अनुसार तस्कर वनक्षेत्र के विभिन्न गांवों से खरीदे गए पत्तों को बैकुंठपुर में संग्रहित करते हैं ट्रक से दक्षिण भारत के राज्यों में भेजते हैं। हैरानी की बात है कि वर्षों से चले रहे इस अवैध कारोबार में तस्करों ने कभी विभाग से अभिवहन पास लेने की भी जरूरत नहीं समझी। वन अधिकारियों को भी वर्षों से चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है न ही विभाग ने वनोपज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए ही कोई पहल की है।



#### जांच चौकी में खानापूर्ति

वनोपजों की तस्करी रोकने गुरु घासीदास नेशनल पार्क द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जगह-जगह जांच चौकी स्थापित की गई तथा कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जांच चौकी के रास्ते ही तस्कर मोहलाईन पत्ते का अवैध परिवहन करते हैं। मध्यप्रदेश की सीमा पर नवाटोला में अंतरराज्यीय जांच चौकी स्थापित की गई है जबकि मोहरसोप, मकरादुआरी एवं रामगढ़ में गुरू घासीदास नेशनल पार्क द्वारा जांच चौकी बनाकर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। तस्कर मोहरसोप जांच चौकी के रास्ते अवैध परिवहन करते हैं लेकिन कभी किसी वनकर्मी ने इसकी जांच करने की कोशिश नहीं की। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि पूर्व में विभाग द्वारा मोहलाइन पत्ते का टेंडर कर ठेकेदार को संग्रहण के लिए तैनात किया था। वर्तमान पत्ता संग्रहण का टेंडर नहीं हुआ है न ही किसी को टीपी जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

#### दो गांवों में अधिक संग्राहक

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम रसौकी एवं उमझर में मोहलाईन पत्ते के संग्राहक अधिक हैं। संग्राहक परिवार के सदस्य सुबह जंगल में पहुंच जाते हैं तथा पत्ते तोड़कर घर लाते हैं जहां इनका बंडल बनाया जाता है। ये दोनों गांव गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं पास के सामान्य जंगल में बसे है। इन्ही दोनों गांवों के जंगलों में मोहलाईन की बेल बहुतायात में है। आसपास के जंगलों में बेल की संख्या कम होने के कारण ग्रामीण इसका संग्रह नहीं करते। पर्याप्त बंडल तैयार करने के बाद ग्रामीण तस्करों को सूचना देते हैं। सूचना पर तस्कर पिकअप लेकर पहुंचते हैं तथा पत्तों को बैकुंठपुर में भंडारित करते हैं। बताया जा रहा है कि पांच साल पूर्व विभाग ने पत्ता संग्रहण के लिए ठेका भी किया था लेकिन बाद में कभी ठेका नहीं हुआ।

#### बैरियर पर कराता हूं जांच

इस संबंध में तत्काल बैरियर पर तैनात कर्मचारियों को सूचना देकर जांच कराता हूं। अवैध संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
जितेन्द्र कुमार चंद्रवंशी

**रेंजर, गेमरेंज रिहंद**
गुरूघासीदास नेशनल पार्क

## जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए 10.93 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय पहल और सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 10.93 करोड़ रुपए की लागत से महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से जल संरक्षण को मजबूती, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार और आय के अवसर भी सृजित होंगे। विकासखंड भैयाथान अंतर्गत बृजेश्वर सागर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य हेतु 4.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी विकासखंड की कुर्रीडीह जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.73 करोड़ रुपए, और विकासखंड ओड़गी स्थित बसनारा जलाशय तालाब के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 1.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण एवं विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यटन के विस्तार से युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का समग्र विकास गति पकड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

## मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम जी रखे जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री निवास के सामने आयोजित विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार समेत प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिल्कुल तानाशाही पर उतर आई है। विकास के नाम पर पूर्व में संचालित योजनाओं का नाम बदलकर देश की जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार देने के लिए मनरेगा योजना



शुरू किया था इस योजना का उद्देश्य गांव से होने वाले पलायन पर रोक लगाते हुए लोगों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराना था। दशकों तक यह योजना लोगों को गांव में भरपूर रोजगार उपलब्ध कराती रही जिसकी वजह से लोगों का गांव से पलायन रुक गया था। अब इसी योजना का नाम जी राम जी करते हुए केंद्र सरकार ने इसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए है। केंद्र सरकार को इस योजना में महात्मा गांधी नाम जुड़ा होने की वजह से चिढ़ हो रही थी। केंद्र सरकार द्वारा नाम बदले जाने से यह साबित होता है कि वो महात्मा गांधी का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है।

## रोजगार सचिव के कार्यों से ग्रामीणों में आक्रोश, विधायक से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज. शंकरगढ़

ग्राम पंचायत जमोहर में रोजगार सचिव आशा पैकरा के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने रोजगार से जुड़े कार्यों में अनियमितता, अभद्र व्यवहार और शासन की योजनाओं में लापरवाही के आरोप लगाते हुए विधायक से शिकायत की। शिकायत के बाद विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सचिव द्वारा खंती खुदाई कार्य के दौरान मजदूरों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य आवासीय योजनाओं में जीओ-टैगिंग में गड़बड़ी और फर्जी हाजिरी दर्ज करने का आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सचिव उनकी समस्याएं सुनने के बजाय उन्हें अनदेखा करती हैं, जिससे मजदूरों और हितग्राहियों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जनमन योजना के




अंतर्गत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लिए स्वीकृत आवास की राशि निकाल ली गई, लेकिन आवास को अब तक पूर्ण नहीं किया गया। निर्धारित मापदंड के विपरीत छोटा और अधूरा मकान बनाए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे हितग्राही परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में सहायक प्रोग्राम ऑफिसर प्रीति प्रियंका लकड़ा ने बताया कि जी राम जी की बैठक के दौरान आवेदन प्राप्त हुई थी। फिलहाल जांच नहीं हो सकी है हम मौके पर जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण प्रारम्भ कराने को लेकर अधिवक्ता संघ ने वित्त मंत्री से की भेंट

- **भूमि व्यपवर्तन की शेष राशि जमा नहीं हो पाने से वर्ष 2017 से प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण का काम अटका पड़ा**

**बिश्रामपुर।** जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ लगातार प्रयासरत है,इसी कड़ी में हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा से मुलाकात करने के बाद अब अधिवक्ता संघ ने अंबिकापुर प्रवास पर पहुंचे राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भेंट कर अपनी मांगों को पुनः उनके समक्ष रखा और मामले का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि वित्त मंत्री ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और तत्काल कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है,इसके बाद अधिवक्ताओं में यह उम्मीद



जगी है कि अब जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा,उल्लेखनीय है कि जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण का मामला वर्ष 2017 से लंबित है,इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ ने वित्त मंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2017 में जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन किया गया था, जिसमें से 1.82 हेक्टेयर भूमि वन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वन भूमि के व्यपवर्तन के लिए राज्य सरकार द्वारा कैम्पा मद में निर्धारित राशि जमा करना आवश्यक है,वन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लगभग 31 लाख रुपये जमा करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु समय-सीमा में राशि जमा नहीं होने के कारण यह राशि वर्ष 2022-23 में बढ़कर 49.42 लाख रुपये हो गई। इसके बाद भी राशि समय पर जमा नहीं होने से वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह राशि बढ़कर करीब 65 लाख रुपये पहुँच गई,पत्र के अनुसार पूर्व में कुछ राशि जमा की जा चुकी है, जबकि वर्तमान में शेष करीब 15 लाख रुपये वित्तीय वर्ष 2025-26 में जमा किए जाने पर ही वन भूमि का व्यपवर्तन संभव होगा और नवीन न्यायालय भवन हेतु भूमि आवंटन का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि वर्ष 2013 में जिला न्यायालय सूरजपुर का गठन हुआ था, लेकिन आज तक न्यायालय पुराने तहसील न्यायालय भवन में संचालित हो रहा है,समय के साथ पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## सजेस बिश्रामपुर में जरूरतमंद छात्राओं को वितरण की गई साईकल



**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा नौवीं की जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरण किया की गई,कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय सिंह,नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान राजेश यादव, पार्षद रविशंकर बउआ, पार्षद अमरेश प्रसाद,सूरज सेठ्ठी, राजेंद्र पासवान,विद्यालय की प्राचार्य सूचिता खलखो,संकुल समन्वयक पंकज सिंह उपस्थित थे,कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना गायन द्वारा किया गया,विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए,इस दौरान प्राचार्य सुचिता खलखो द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अतिथियों को कक्षा 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया कि इस वर्ष का रिजल्ट काफी अच्छा रहेगा,अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त कर बच्चों को परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में स्टेज की मरम्मत एवं उस पर शेड निर्माण कराने और एक शौचालय निर्माण की घोषणा की,इसके पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा नौवीं के छात्राओं को तिलक लगा एवं मिठाई खिलाकर उन्हें साइकिल वितरण किया।

## श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हुई फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन विधिवत हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान प्रतापपुर हरि नाम संकीर्तन और श्रीकृष्ण भक्ति में लीन नजर आया।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन द्वारा हुआ। यज्ञ वेदी में आहुति के साथ वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य सदानंद के श्रीमुख से प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण, ओजस्वी और हृदयस्पर्शी वाचन हुआ। आचार्य सदानंद ने



श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य जीवन-दृष्टि है। कथा के विभिन्न दिनों में भागवत महात्म्य, शुकदेव-परिक्षित संवाद, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, गोवर्धन लीला, महारास, रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया। कंस के कारागार में श्रीकृष्ण जन्म की मनोहारी झांकी प्रस्तुत होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, नृत्य और पुष्पवर्षा के साथ जन्मोत्सव का उल्लास मनाया। कथा के अंतिम दिन आचार्य सदानंद ने वैराग्य, भक्ति और कर्म के संतुलन पर प्रवचन देते हुए बताया कि सच्ची भक्ति वही है जो मानव को सदाचार, सेवा और संयम के मार्ग पर ले जाए। समापन दिवस पर विधिवत हवन-पूर्णाहुति संपन्न हुई। वैदिक मंत्रों के साथ दी गई आहुतियों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सात दिनों तक चले इस आयोजन में हर वर्ग, हर आयु के श्रद्धालु भक्ति में एक साथ डूबे नजर आए।

## विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**राजपुर।** विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का बुधवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सरगुजा ओलम्पिक केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। समारोह के दौरान विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं मोमेंटो




प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में खो-खो सीनियर बालक वर्ग में मदनेश्वरपुर ने प्रथम तथा लडुवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में एकलव्य विद्यालय प्रथम एवं मरकाडांड द्वितीय स्थान पर रहा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411